**नियम-कानून** एसोसिएशन ने किया दावा, अधिकांश मामले में शिक्षक निर्दोष, ट्राइबल वेलफेयर टीचर्स एसोसिएशन की बैठक में खुलासा

# तीन संतान वाले शिक्षकों को राहत, प्रताड़ना पर अब होगी शिकायत



**मंडला 11 अगस्त नभाप्र.** ट्राइबल वेलफेयर टीचर्स एसोसिएशन ने हाल ही में तीन से अधिक संतान वाले शिक्षकों की एक बैठक आयोजित कर बड़ा खुलासा किया है। एसोसिएशन का दावा है कि ऐसे अधिकांश शिक्षक कानूनी तौर पर निर्दोष हैं और वे बेवजह ब्लैकमेलिंग का शिकार हो रहे हैं। इस संबंध में बैठक का आयोजन ट्राइबल वेलफेयर टीचर्स एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष डीके सिंगौर की अगुवाई में हुई। एसोसिएशन को लगातार शिकायत मिल रही थी कि मवई समेत कई क्षेत्रों में ऐसे शिक्षकों को कुछ व्यक्तियों के द्वारा नौकरी से बर्खास्त करा देने की धमकी और ब्लैकमेलिंग कर उनसे धन राशि ऐंठी जा रही है। जानकारी के अभाव में कुछ शिक्षक इस ब्लैकमेलिंग के शिकार हो रहे हैं। आयोजित बैठक में 50 से अधिक शिक्षकों ने भाग लिया।

बताया गया कि 26 जनवरी 2001 के बाद तीसरी संतान के जन्म से संबंधित नियमों को लेकर शिक्षकों में गलतफहमी है। डीके सिंगौर ने स्पष्ट किया है कि मध्यप्रदेश सिविल सेवा नियम 1961 जिसमें यह प्रावधान जोड़ा गया था, अध्यापक संवर्ग (शिक्षाकर्मी या गुरुजी) पर लागू नहीं होता था, क्योंकि उनकी भर्ती उस समय इन नियमों के तहत नहीं हुई थी। एसोसिएशन ने बताया कि लोक शिक्षण संचालनालय भोपाल ने 19 सितंबर 2022 को एक पत्र जारी कर स्पष्ट किया था कि जिन शिक्षकों की नियुक्ति 26 जनवरी 2001 से पहले हुई है, उन पर यह नियम लागू नहीं होगा। इसके साथ ही कोर्ट के कई मामलों का हवाला देते हुए यह भी बताया कि सेवा से बर्खास्तगी के मामले दुर्लभ हैं।

### शिक्षकों को भयभीत होने की जरूरत नहीं

बताया गया कि उच्च न्यायालय जबलपुर ने दो ऐसे मामलों में कार्रवाई पर रोक लगा दी थी, और जबलपुर हाईकोर्ट की डिवीजनल बेंच ने वेतन वृद्धि रोकने के आदेश को भी निरस्त कर दिया था और दोनों शिक्षक अपनी ड्यूटी पर हैं। टीकमगढ़ के एक मामले में जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा प्राथमिक शिक्षक को पदोन्नति कर सहायक अध्यापक बना दिया गया था, कोर्ट की फटकार के बाद फिर से प्राथमिक शिक्षक बनाना पड़ा। बड़वानी के न्यायालयीन कर्मचारियों के मामले में निचली अदालत द्वारा 3 संतान होने पर 1 वेतन वृद्धि और 4 संतान होने पर 2 वेतन वृद्धि रोकने का आदेश पारित हुआ था, जिसे भी जबलपुर हाइकोर्ट की डिविजनल बेंच द्वारा निरस्त कर दिया गया और 14 कर्मचारियों को सिर्फ परिनिंदा शास्ति से ही अधिरोपित किया गया। 3 संतान वाले मामले में सामान्य प्रशासन विभाग के स्पष्ट नियम बनाए जाएं इसके लिए एसोसिएशन प्रयास करेगा। बैठक में वेतन वृद्धि असंचयी प्रभाव से रोकने की कार्रवाई को भी समझाया गया कि यह मामूली कार्रवाई है इससे भी भयभीत होने की जरूरत नहीं है। इसके साथ ही शिक्षकों को बताया कि लगभग मामले में शिक्षक एकदम निर्दोष हैं यदि कोई उन्हें ब्लैक मेल करता है तो साक्ष्य जुटाएं जिससे उनकी सीधी शिकायत पुलिस के आला अधिकारी से की जा सके।

## ग्राम चाबी के रोहा नाला में मिला अज्ञात शव

### जांच में जुटी पुलिस



**मंडला 11 अगस्त नभाप्र.** चाबी चौकी के अंतर्गत सोमवार की सुबह करीब १० बजे लोगों ने एक शव रोहा नाला में बहता हुआ देखा। जिसकी सूचना पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पानी से निकल कर शिनाख्त करने में जुटी हुई है। जानकारी के अनुसार शव मिलने की सूचना के बाद सनसनी फैल गई लोगों की भीड़ भी मौके पर एकत्रित हो गई। काफी प्रयास के बाद भी शव की पहचान नहीं हो सकी है।

## तिरंगा हमारी एकता, अखंडता और सांस्कृतिक गौरव का प्रतीक

### हर घर तिरंगा अभियान- निकाली भव्य वाहन रैली, कैबिनेट मंत्री और सांसद हुए शामिल



**मंडला 11 अगस्त नभाप्र.** आजादी के 79वें अमृत महोत्सव के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के राष्ट्रव्यापी आह्वान पर चलाए जा रहे हर घर तिरंगा अभियान के तहत मंडला में एक भव्य वाहन रैली और हस्ताक्षर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में नागरिकों, जनप्रतिनिधियों और प्रशासनिक अधिकारियों ने भाग लिया, जिन्होंने तिरंगा लहराकर पूरे शहर में राष्ट्रभक्ति और एकता का संदेश दिया। रैली मंडला पुलिस ग्राउंड से शुरू हुई, जिसमें केंद्रीय लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री सम्पतिया उइके, सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते, कलेक्टर सोमेश मिश्रा और पुलिस अधीक्षक रजत सकलेचा सहित अन्य गणमान्य नागरिक शामिल हुए। रैली शहर के मुख्य चौराहों और महाराजपुर क्षेत्र से होते हुए वापस पुलिस ग्राउंड पर समाप्त हुई।

इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री सम्पतिया उइके ने अपने संबोधन में कहा कि हमारा राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा सिर्फ स्वतंत्रता की कहानी नहीं बताता, बल्कि यह हमारी एकता, अखंडता और सांस्कृतिक गौरव का भी प्रतीक है। उन्होंने सभी नागरिकों से अपील की कि वे इस अभियान में सक्रिय रूप से भाग लें और अपने घर, कार्यालयों, दुकानों और वाहनों पर तिरंगा फहराकर राष्ट्र के प्रति अपनी श्रद्धा व्यक्त करें। उन्होंने कहा कि आइए हम सब मिलकर इस अभियान को सफल बनाएं और दुनिया को एक सशक्त और एकजुट भारत का संदेश दें।



### हस्ताक्षर और डिजिटल माध्यम से दिया समर्थन

वाहन रैली के साथ एक हस्ताक्षर अभियान भी चलाया गया, जहाँ नागरिकों ने उत्साह के साथ हस्ताक्षर करके इस अभियान के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। इस पहल का उद्देश्य था कि हर व्यक्ति स्वतंत्रता दिवस पर तिरंगा फहराने में भागीदार बने। इसके साथ ही लोगों को यह भी प्रोत्साहित किया गया कि वे तिरंगे के साथ अपनी सेल्फी हर घर तिरंगा बेवसाइट पर साझा करें, जिससे यह संदेश देश के ज्यादा से ज्यादा लोगों तक पहुँच सके। इस कार्यक्रम में नपा अध्यक्ष विनोद कछवाहा, जिला पंचायत अध्यक्ष संजय कुशराम, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रफुल्ल मिश्रा और सांसद प्रतिनिधि जयदत्त झा उपस्थित रहे।




## दो बाइकों की टक्कर में पत्नी गंभीर, पति-बेटी घायल

### निवास के बिसौरा में सड़क दुर्घटना

**निवास 11 अगस्त नभाप्र.** निवास थाना क्षेत्र अंतर्गत निवास-शहपुरा मार्ग पर स्थित ग्राम बिसौरा में सोमवार शाम दो बाइकों की आपस में टक्कर हो गई। इस हादसे में एक बाइक पर सवार महिला गंभीर रूप से घायल हो गई, जबकि उनके पति और बेटी को मामूली चोटें आईं।

जानकारी अनुसार नारायणगंज निवासी विजय कुमार साहू 45 वर्ष अपनी पत्नी एकता साहू 36 वर्ष और बेटी अंबिका साहू के साथ शहपुरा से वापस आ रहे थे। शाम करीब 6.30 बजे बिसौरा गांव के पास उनकी बाइक सामने से आ रही एक अन्य बाइक से टकरा गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों बाइकें नीचे गिर गईं।



इस हादसे में विजय की पत्नी एकता साहू को गंभीर चोटें आईं, जबकि विजय और उनकी बेटी अंबिका को मामूली खरोंचें आईं। घायल एकता साहू को एक निजी वाहन से निवास के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहाँ उनका इलाज चल रहा है। घटना की सूचना मिलते ही निवास पुलिस भी मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी है।

## देशभक्ति का संदेश देंगे मंडला का साईकिलिस्ट ग्रुप

### स्वतंत्रता दिवस से पहले साईकिल प्रेमी दिखाएंगे अपना जोश, आज रपटा घाट से शुरू होगी तिरंगा रैली

**मंडला 11 अगस्त नभाप्र.** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर मंडला में देशभक्ति का अनूठा रंग देखने को मिलेगा। शहर के प्रथम साइकिल समूह, मंडला साइकिलिस्ट ग्रुप द्वारा 12 अगस्त को एक भव्य तिरंगा साइकिल रैली का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने और देश के प्रति सम्मान समर्पित करने के उद्देश्य से किया जा रहा है। रैली की शुरुआत सुबह 5.45 बजे रपटा से होगी। यह शहर के मुख्य मार्गों से होकर गुजरेगी और अंत में वापस रपटा पर ही समाप्त होगी। साइकिलिस्ट हेमंत खरे ने बताया कि तिरंगा रैली सुबह 5.45 बजे शुरू होगी जो रपटा पुल से होते हुए बैगा बैगी चौराहा, रेडक्रॉस तिराहा, जेल घाट, रानी अवंती बाई स्कूल, उदय चौक, बस स्टैंड, बिंझिया तिराहा, नेहरू स्मारक होते हुए रपटा घाट में समाप्त होगी। इस रैली में शहर के सभी साइकिल प्रेमी बंधुओं से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने का आह्वान किया गया है जिससे इसे सफल बनाया जा सके।

इसके साथ ही सुरक्षा की दृष्टि से तिरंगा साईकिल रैली में अपने साथ हेलमेट, दस्ताने, धूप का चश्मा लगाने की अपील की है। मंडला साइकिलिस्ट ग्रुप का मानना है कि यह रैली न केवल साइकिलिंग को बढ़ावा देगी, बल्कि युवाओं को देश के इतिहास और उसके गौरव से भी जोड़ेगी। समूह के सदस्यों ने उम्मीद जताई है कि बड़ी संख्या में लोग इस आयोजन में हिस्सा लेकर स्वतंत्रता दिवस के जश्न को और भी खास बनाएंगे। यह रैली शहर में देशभक्ति और एकता का एक मजबूत संदेश देगी।

## युवक की पीट-पीटकर हत्या, दो आरोपी गिरफ्तार

मवई के ग्राम बिलाईखार की घटना आपसी विवाद में वारदात को दिया अंजाम





**मंडला 11 अगस्त नभाप्र.** आदिवासी बाहुल्य जिला मंडला के मवई विकासखंड मोतीनाला थाना क्षेत्र के ग्राम बिलाईखार में एक युवक को रविवार शाम आपसी विवाद में लाठी, डंडे से पीट-पीटकर उनके बड़े पापा और फूफा ने हत्या कर दी गई। बताया गया कि मृतक युवक अनिल कुशराम पिता उदय सिंह 34 वर्ष निवासी ग्राम बिलाईखार, परदेशी मरावी पिता परतू मरावी 56 वर्ष निवासी ग्राम बिलाईखार और जोहन पिता ढोली 71 वर्ष निवासी ग्राम बिलाईखार रविवार की शाम एक घर में खाने पीने का कार्यक्रम किये। तीनों ने शराब पी और किसी बात को लेकर विवाद हो गया। बताया गया कि नशे की हालत में आपसी विवाद के बाद परदेशी मरावी ओर जोहन ने अनिल कुशराम की लाठी ठंडे से पिटाई की और इस मारपीट में उसकी मौत हो गई। इस घटना की सूचना मोतीनाला पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही मोतीनाला थाना प्रभारी हेमंत बावरिया अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और जांच शुरू कर दी। थाना प्रभारी हेमंत बावरिया ने बताया कि तीनों लोग नशे में विवाद किये। जिसमें अनिल कुशराम की मौत हो गई। हत्या के दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है।

## कैबिनेट मंत्री ने लिया मुख्यमंत्री के संभावित कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा

**मंडला 11 अगस्त नभाप्र.** 14 अगस्त को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मंडला में संभावित प्रवास को ध्यान में रखते हुए कैबिनेट मंत्री संपतिया उईके एवं कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने मुख्य कार्यक्रम स्थल व हेलीपेड का अवलोकन करते हुए तैयारियों का जायजा लिया। कैबिनेट मंत्री संपतिया उईके ने कहा कि मुख्य कार्यक्रम स्थल पर मंच एवं टेंट व्यवस्था, बेरीकेटिंग, विद्युत व्यवस्था, बैठक व्यवस्था, मीडिया सेंटर, पेयजल, पार्किंग आदि के संबंध में संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। इसी प्रकार हेलीपेड में सुरक्षा, बेरीकेटिंग, फायरब्रिगेड आदि की व्यवस्था सुनिश्चित करें।

कैबिनेट मंत्री संपतिया उईके ने कहा कि सभी तैयारियां समय से पहले पूर्ण करना सुनिश्चित करें। इस दौरान जिला पंचायत सदस्य शैलेष मिश्रा, पुलिस अधीक्षक रजत सकलेचा, अपर कलेक्टर राजेंद्र कुमार सिंह, सहायक कलेक्टर आकिप खान, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिवकुमार वर्मा सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## हर घर तिरंगा का जोश, छात्राओं ने प्रतियोगिताओं में लिया हिस्सा

### नारायणगंज कस्तूरबा गांधी छात्रावास में कार्यक्रम आयोजित



**नारायणगंज 11 अगस्त नभाप्र.** नारायणगंज के कस्तूरबा गांधी बालिका छात्रावास पड़रिया में हर घर तिरंगा अभियान के तहत विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें छात्राओं ने उत्साह पूर्वक भाग लिया। छात्रावास की अधीक्षिका प्रमिला बैरागी के निर्देशन में आयोजित इन प्रतियोगिताओं में लगभग 100 छात्राओं ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। आयोजित प्रतियोगिताओं में रंगोली, चित्रकला, और मेहंदी मुख्य थीं। सभी बालिकाओं ने इन आयोजनों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और अपनी रचनात्मकता का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिताओं के माध्यम से छात्राओं ने तिरंगे के प्रति अपनी श्रद्धा और देश प्रेम को व्यक्त किया। छात्राओं ने एक साथ मिलकर एकता और भाईचारे का संदेश देते हुए एक श्रृंखला भी बनाई, जो इस अभियान के मूल उद्देश्य को दर्शाती है। यह आयोजन छात्राओं में देशभक्ति की भावना को सुदृढ़ करने और उन्हें राष्ट्रीय पर्वों से जोड़ने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम था। छात्रावास प्रबंधन ने इस पहल के माध्यम से छात्राओं को एक सकारात्मक और प्रेरणादायक माहौल प्रदान किया।

## वरिष्ठ मूल शाला के छात्र-छात्राओं ने निकाली तिरंगा रैली

**मंडला 11 अगस्त नभाप्र.** वन स्टॉप सेंटर के निर्देशन में हर घर तिरंगा कार्यक्रम के अंतर्गत तिरंगा रैली का आयोजन किया गया। इस दौरान वरिष्ठ मूल शाला की छात्र-छात्राएं, वन स्टॉप सेंटर, महिला एवं बाल विकास के समस्त कर्मचारी एवं विधिक सेवा प्राधीकरण से पैरालीगल वालेंटियर श्रीमती सिखा श्रीवास्तव शामिल हुए। रैली का उद्देश्य प्रत्येक नागरिक के भीतर देशभक्ति की भावना को जगाना और हमारे राष्ट्रीय ध्वज के महत्व के बारे में समझ विकसित करना है। तिरंगा रैली वरिष्ठ मूल शाला से निकलकर वन स्टॉप सेंटर में सम्पन्न किया गया।

## गर्भवती महिलाओं की हुई जांच, सावधनी बरतने की दी सलाह

### प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व दिवस शिविर आयोजित




**मंडला 11 अगस्त नभाप्र.** जिले के सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व दिवस शिविर सोमवार को आयोजित किया गया। आयोजित शिविर में चिकित्सक ने गर्भवती महिलाओं की आवश्यक जांच परीक्षण कर परामर्श दिए। मातृत्व दिवस शिविर में गर्भवती महिलाओं का एचआईवी, हिमोग्लोबिन, ब्लड शुगर, यूरीन प्रोटीन एवं एल्बुमिन की जांच की गई। मातृत्व दिवस में गर्भवती महिलाओं में डायबिटीज की जांच भी प्रमुखता से की गई। जानकारी अनुसार आयोजित मातृत्व दिवस शिविर में गर्भवती महिलाओं की प्रसव के पहले ही जांच के दौरान उच्च जोखिम गर्भावस्था की पहचान हो जाती है। यदि ऐसी कोई गर्भवती महिला चिन्हित होती है तो ऐसी गर्भवती का प्रसवकाल में विशेष ध्यान रखा जाता है। सीएमएचओ डॉ. डीजे मोहंती ने बताया कि प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान दिवस के तहत हर महीने की नौ तारीख को जिले के सभी स्वास्थ्य केन्द्रों में प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व दिवस का आयोजन किया जा रहा है। अवकाश तय तिथि में अवकाश होने पर आगामी कार्य दिवस में शिविर का आयोजन किया जाता है। बताया गया कि गर्भवती महिलाओं की जांच के बाद अगर किसी भी महिलाओं में एंबनॉर्मल भ्रूण या गर्भाशय में किसी प्रकार की शिकायत रहने पर उसे पहले अच्छे स्वास्थ्य सेवा के लिए बेहतर अस्पताल भेजा जाता है, जिससे प्रसव के समय महिलाओं को कोई परेशानी ना हो। मातृत्व दिवस अभियान के अंतर्गत सभी सुविधाएं सरकार द्वारा नि:शुल्क दी जा रही है।

## घुघरी में भाजपा कार्यकर्ताओं ने निकाली तिरंगा यात्रा

**घुघरी 11 अगस्त नभाप्र.** स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में भाजपा घुघरी मंडल ने तिरंगा यात्रा का आयोजन किया। यात्रा जिला नेतृत्व के निर्देशों पर देश के प्रति एकजुटता और अखंडता के संकल्प को मजबूत करने के उद्देश्य से निकाली गई। तिरंगा यात्रा सोमवार दोपहर 3 बजे घुघरी स्थित पार्टी कार्यालय तिरंगा यात्रा शुरू की गई, जो घुघरी के प्रमुख चौराहों से होकर गुजरी। यात्रा में शामिल सभी भाजपा कार्यकर्ताओं में देश प्रेम और उत्साह देखा गया। इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष जनिया बाई मरावी, जिला महामंत्री नीरज मरकाम और मंडल अध्यक्ष सुरेंद्र धुर्वे सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे। यात्रा मे संदीपनी विद्यालय के छात्र-छात्राओं की भागीदारी रही। विद्यालय के प्राचार्य एमके चौधरी और स्कूल स्टाफ के साथ बच्चों ने भी हाथों में तिरंगा लेकर यात्रा में भाग लिया। यह आयोजन भाजपा की वार्षिक परंपरा का हिस्सा है, जिसके तहत स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर देशभक्ति से जुड़े विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे है।




**आकांक्षी हाट-मेला** मंडला में आकांक्षी हाट का शुभारंभ, वोकल फॉर लोकल को मिलेगा प्रोत्साहन

# स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देना सरकार की प्राथमिकता : संपतिया उईके








**मंडला 11 अगस्त नभाप्र.** मंडला में सोमवार को पांच दिवसीय आकांक्षा हाट का शुभारंभ हुआ। इस हाट मेले का उद्घाटन लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री संपतिया उईके और सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते ने किया। 15 अगस्त तक चलने वाला यह आयोजन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की वोकल फॉर लोकल की परिकल्पना को साकार करने और स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित किया गया है।

उद्घाटन के अवसर पर कैबिनेट मंत्री सपंतिया उईके ने कहा कि प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की सरकार स्थानीय कारीगरों और स्व-सहायता समूहों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने बताया कि सरकार की प्राथमिकता है कि स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा मिले। उन्होंने मंडला की गोंडी पेंटिंग का जिक्र किया, जिसे जीआई टैग मिल चुका है। उन्होंने कहा कि प्रशासन मिलेट्स फेस्टिवल, शिल्पी मेला और फूड फेस्टिवल जैसे आयोजनों के माध्यम से स्थानीय उत्पादों को बाजार उपलब्ध कराने का लगातार प्रयास कर रहा है। सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि मवई और नारायणगंज जैसे आकांक्षी विकासखंडों में ऐसे आयोजन बेहद महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने कहा कि मंडला के प्रसिद्ध शहद, कोदो-कुटकी-रागी जैसी फसलों की अच्छी मांग है, और ऐसे हाट इन्हें उचित बाजार दिलाने में मदद करेंगे। उन्होंने सभी से इस हाट का प्रचार-प्रसार करने की अपील की। इस अवसर पर मंत्री और सांसद ने हाट में लगे 22 स्टालों का अवलोकन किया और आजीविका मिशन के स्व-सहायता समूह द्वारा बनाए गए व्यंजनों का भी स्वाद चखा। इस दौरान नगरपालिका अध्यक्ष विनोद कछवाहा, जिला पंचायत सदस्य शैलेष मिश्रा, कलेक्टर सोमेश मिश्रा, पुलिस अधीक्षक रजत सकलेचा, अपर कलेक्टर राजेन्द्र कुमार सिंह, एसडीएम मण्डला सोनल सिडामसहित अन्य जनप्रतिनिधि और अधिकारी भी मौजूद रहे।